हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, बुधवार, 23 जुलाई, 2025

11 युवा संसद कार्यक्रम में विपक्ष ने महंगाई ....



12 आज बम-बम भोले के जयकारों से गूंजेंगे छोटी...



**खबर संक्षेप**

### शहीद वीरांगना सम्मान समारोह 26 को

**बहल।** भूतपूर्व सैनिक कष्ट निवारण समिति बहल द्वारा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में 26 जुलाई को शहीद वीरांगना सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के वीर शहीदों को याद कर उनको नमन किया जाएगा और शहीद वीरांगनाओं को सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए समिति सदस्य कैप्टन मंदरूप सेरला, रामकिशन चैहड़ खुर्द व हवलदार रोहताश गोकलपुरा ने बताया कि कार्यक्रम दी इंपायर स्विमिंग पूल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिकों व उनके परिजनों को आमंत्रित किया गया है।

### अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश उपाध्यक्ष बने दूहन

**तोशाम।** अंतरराष्ट्रीय जाट संसद में तोशाम निवासी एवं तोशाम गोशाला के प्रधान सतपाल सिंह दूहन को हरियाणा प्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिस पर सतपाल सिंह दूहन ने अंतरराष्ट्रीय जाट सांसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार पलसानिया, प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिरोही जैलदार तथा हरियाणा प्रदेश संयोजक भवानी सिंह किरमारा सहित अंतरराष्ट्रीय जाट सांसद के उच्च नेताओं का आभार व्यक्त किया है। सतपाल सिंह दूहन ने कहा की अंतरराष्ट्रीय जाट सांसद ने उन्हें जो हरियाणा प्रदेश के उपाध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी दी है उसे वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी तथा लगन के साथ निभाएंगे। उनका कहना था कि अंतरराष्ट्रीय जाट सांसद जो कला, शिक्षा, साहित्य, संस्कृति व गौरवशाली जाट इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।

## सुबह की पारी के लिए पहली बस साढ़े पांच बजे तो दूसरी पारी के लिए 1 बजे आखिरी बस होगी रवाना

# सीईटी की परीक्षा : 428 बसें पहुंचाएंगी 28 हजार परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक

- भिवानी से सबसे ज्यादा 16111 परीक्षार्थी रोहतक के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देने के लिए पहुंचेंगे
- 10 हजार 611 के आसपास परीक्षार्थी महेंद्रगढ के विभिन्न स्कूलों में बनाए गए सीईटी का पर्चा देंगे
- चरखी दादरी जिले में भिवानी से सात सौ, हिसार में 269 तथा सोनीपत में 872 परीक्षार्थी इम्तहान देने के लिए जा रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

26 व 27 को होने वाले सीईटी की परीक्षा की तैयारियां मुक्कमल हो चुकी है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए भिवानी प्रशासन की तरफ से 428 बसें पांच जिलों में स्थित परीक्षा केंद्रों पर 28 हजार परीक्षार्थियों को पहुंचाएंगी। इसके लिए रोडवेज तथा आरटीए विभाग आपसी तालमेल बनाकर चल रहा है। इनमें से कुछ बसें रोडवेज विभाग की भी शामिल होंगी। भिवानी से सबसे ज्यादा 16111 परीक्षार्थी रोहतक के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देने के लिए पहुंचेंगे। इसी तरह 10 हजार 611 के आसपास परीक्षार्थी महेंद्रगढ के विभिन्न स्कूलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे। इसी तरह चरखी दादरी जिले में भिवानी से सात सौ, हिसार में 269 तथा सोनीपत में 872 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए जा रहे है। इन सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र वाले जिले तक पहुंचाने की जिम्मेदारी रोडवेज विभाग की है। जिसकी तैयारियां पूरी की जा रही है।

### 25 जुलाई की शाम तक होंगे पोर्टल पर पंजीकरण

जीएम दीपक कुंडु ने बताया कि हरियाणा रोडवेज ने एक पोर्टल शुरू किया है। उस पोर्टल पर परीक्षार्थी अपना पंजीकरण कर सकता है। उससे रोडवेज को यह पता चल जाएंगा कि किस जिले में कितने परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए रोडवेज बसों में जाएंगे। उसी हिसाब से बसों की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि रोडवेज के पोर्टल पर 25 जुलाई शाम तक परीक्षार्थी अपना पंजीकरण करवा सकता है।

### चलेगी शटल बस सेवा

हिसार जिले के करीब 14777 परीक्षार्थी भिवानी के 36 लोकेशन पर स्थित 56 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे। जिसकी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। हिसार से आने वाली परीक्षार्थियों की बसों को बस अड्डे पर मंगवाया जाएगा और यहां से शटल बस सेवा के जरिए परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। जीएम रोडवेज दीपक कुंडु ने बताया कि रूट प्लान तैयार किया जा रहा है। बसों के परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए फिलहाल सात रूट बनाए गए हैं। प्रत्येक बस पर पर्याप्त स्टाफ नियुक्त किया जाएगा। शटल बसों का भी प्लान तैयार किया गया है, जिसमें करीब 125 बस चलेंगी, जिनमें से 23 बस रोडवेज की होंगी। जिले से बाहर परीक्षा देने वाले परीर्थियों की मदद के लिए रोडवेज के हेल्पलाइन नंबर जारी किए जाएं ताकि कोई भी अभिभावक या बच्चे उन नंबरों पर बसों के संचालन की जानकारी ले सकें। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक समय पर पहुंचाने के लिए प्रत्येक बस पर परीक्षा केंद्र का पता चस्पा किया जाएगा ताकि परीक्षार्थियों को सेंटर तक जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।





### रोहतक के लिए पहली पारी के वास्ते आखिरी बस सात बजे रवाना होगीः जीएम दीपक कुंडु

जीएम दीपक कुंडु ने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए तैयारी पूरी है। सुबह की पारी रोहतक के लिए पहली बस साढे पांच बजे रवाना की जाएगी। इसी पारी के लिए अंतिम बस सात बजे रवाना होगी। इसी तरह दोपहर बाद होने वाली परीक्षा के लिए पहली बस 11 बजे तथा बाद में एक बजे बस को रवाना किया जाएगा। ताकि समय पर परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र तक पहुंच सके। इसी तरह 27 जुलाई को होने वाली सीईटी की परीक्षा के लिए बस रवाना होगी। इसके लिए सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द की गई है।

**दादरी में अनाजमंडी में ,रोहतक स्टेडियम में बनेगा अस्थाई बस अड्डा**

भिवानी में हिसार से आने वाली सभी बसों को बस अड्डे पर मंगवाया जाएगा। बस अड्डे से ही शटल बस सेवा के जरिए परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया जाएगा। जीएम दीपक कुंडु ने बताया कि उनकी चरखी दादरी जीएम से बात की है वे अनाजमंडी में अस्थाई बस अड्डा बना रहे है। वहीं पर भिवानी से जाने वाली बसों को रोका जाएगा और वहीं से शटल बस सेवा के जरिए परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। इनके अलावा रोहतक के स्टेडियम में अस्थाई बस अड्डा बनाया जा रहा है। वहीं पर बसें पहुंचेगी और वहीं से शटल बस सेवा उपलब्ध होंगी।

## दादरी जिले में 4 स्थानों से परीक्षा केंद्रों के लिए रवाना होंगी बसें

- परीक्षार्थियों के लिए परिवहन विभाग ने लॉन्च किया सीईटी ट्रेवल एप
- घर बैठे एप पर बुक करें अपना यात्रा स्लॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

उपायुक्त मुनीश शर्मा ने सीईटी परीक्षा की तैयारियों के लिए जिले के आला अधिकारी के साथ बैठक की। उन्होंने परिवहन विभाग अधिकारियों को पर्याप्त बसों का प्रबंध करने के निर्देश दिए।

हरियाणा राज्य परिवहन विभाग ने सीईटी परीक्षा में शामिल हो रहे परीक्षार्थियों के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा प्रदान की है। इसके लिए विभाग ने एक विशेष मोबाइल एप 'सीईटी ट्रेवल' लॉन्च किया है, जिसकी मदद से परीक्षार्थी अपने यात्रा स्लॉट की ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। जिले में 4 स्थान निर्धारित किए गए हैं, जहां से बसें रवाना होंगी। उपायुक्त ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से परीक्षार्थियों को निःशुल्क, सुरक्षित और तनावमुक्त यात्रा की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। जिले में बस स्टैंड परिसर में परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क भी बनाया गया है, जहां परीक्षार्थियों को मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने के लिए पूर्व बुकिंग अवश्य करें। उन्होंने बताया कि गूगल प्ले स्टोर पर जाकर परीक्षार्थी सीईटी ट्रैवल एप डाउनलोड कर सकते हैं या सीधे वेबसाइट पर जाकर अपना यात्रा स्लॉट बुक कर सकते हैं। उपायुक्त ने सरकार के निर्देशों के अनुसार परीक्षा के दौरान पेपर को लेकर सोशल मीडिया, कोचिंग सेंटर व लाइब्रेरी आदि में चर्चा पर रोक लगा दी है। ऐसा करने पर संबंधित के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज करवा दी जाएगी।



### यहां से रवाना होंगी बसें

परिवहन विभाग की ओर से जिले के चार स्थानों को निर्धारित किया गया है जहां से बसे रवाना होंगी। इनमें दादरी नई अनाज मंडी और बाढड़ा, झोझू व कादमा के बस स्टैंड शामिल हैं। इन सभी स्थानों पर पेयजल, शौचालय और जलपान आदि की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि दादरी में सभी परीक्षा केंद्र जिला मुख्यालय पर ही बनाए गए हैं। ऐसे में दूसरे जिला से आने वाली सभी बसें नई अनाज मंडी में ही आएंगी और यहां से बसों द्वारा परीक्षार्थियों को संबंधित परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा।





## संजय को सन ऑफ सरदार 2 में काम नहीं करने का अफसोस

**मुंबई।** अजय देवगन अपनी अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनकी इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है। इसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। एक्शन हीरो अजय देवगन के फैंस इस पर उन्हें बधाई दे रहे हैं। ऐसे में संजय दत्त ने इस फिल्म के लिए अजय देवगन को बधाई दी है और पोस्ट में दिल की बात लिखी है। 'सन ऑफ सरदार 2 के लिए आपको बधाई राजू, अगर इसे हम एकसाथ करते तो और भी मजा आता।' संजय दत्त की इस पोस्ट पर कई यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'बाबा तीसरे पार्ट में आप को ही होना चाहिए।' एक और यूजर ने लिखा है 'इसमें बाबा को होना चाहिए था।

लाइफ Style



# फातिमा

## आप जैसा कोई के निर्देशक को कहा पागल

दंगल गर्ल फातिमा सना शेख इन दिनों अपनी फिल्म आप जैसा कोई को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें फिल्म की शूटिंग के दौरान की हैं। तस्वीरों में वह फिल्म आप जैसा कोई के निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सना ने विवेक के लिए एक लंबी पोस्ट लिखी है और उन्हें पागल कहा है। फातिमा सना शेख ने जो तस्वीरें शेयर की हैं वह फिल्म 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें हैं। इनमें देखा जा सकता है कि वह निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए विवेक सोनी की तारीफ की है और लिखा है 'अपनी रोजाना की सेल्फी से लेकर तुम्हारे अलग अंदाज को मैं अभी भी नहीं समझ पाई।'

फातिमा सना शेख ने आगे लिखा 'तुम्हारे साथ काम करना एक सफर जैसा है। तुम बॉलीवुड के चलते-फिरते इनसाइक्लोपीडिया हो। (मुझे अब भी नहीं पता कि तुम कैसे हर गाना, हर दृश्य याद रखते हो, तुम पागल हो।)' आपमें साधु जैसी शांति है। फिल्म में मुझे मधु बनाने के लिए और उस पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद। तुम्हारी जादू वाली दुनिया का हिस्सा बनना बहुत अच्छा रहा। आपको बता दें कि फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ आर माधवन हैं। इसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। इसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला के अलावा कई लोग हैं।

हॉलीवुड मसाला




## अवतार फायर.. का नया पोस्टर जारी

**लॉस एंजिल्स।** मेकर्स ने 'अवतारः फायर एंड ऐश' का नया पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही फिल्म को लेकर भी बड़ी अपडेट शेयर की है। जेम्स कैमरून की 'अवतारः फायर एंड ऐश' पेंडोरा की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज को लेकर भी बड़ी अपडेट दे दी है। फिल्म के नए पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा है, 'अवतारः फायर एंड ऐश में वरंग से मिलिए।' इसके जरिए मेकर्स ने ये भी बता दिया है कि फिल्म का ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज होने वाली 'द फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' के साथ सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा।



## वार्नर ने द कॉस्बी में निभाई थियो हक्सटेबल की भूमिका

**लॉस एंजिल्स।** 80 के दशक में मशहूर अमेरिकी टीवी शो द कॉस्बी शो में थियो हक्सटेबल का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले अभिनेता मैल्कम-जमाल वार्नर अब हमारे बीच नहीं रहे। 54 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया है। कोस्टा रिका के समुद्री तट पर तैराकी के दौरान वो एक हादसे का शिकार हो गए। मैल्कम-जमाल वार्नर को अमेरिका के हर घर में तब जाना गया, जब उन्होंने 1984 से 1992 तक चले लोकप्रिय सिटकॉम 'द कॉस्बी शो' में थियो हक्सटेबल की भूमिका निभाई। वो शो में डॉक्टर हक्सटेबल के सबसे छोटे बेटे थे। थियो का किरदार निभाने वाले वार्नर ना सिर्फ एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि बाद में उन्होंने निर्देशक और निर्माता के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई। मैल्कम-जमाल वार्नर की खबर जैसे ही फैली, हॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई।



## स्किन टोन को लेकर किया गया शर्मिंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर लगातर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान उनके साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर खुलकर बातचीत की। एक खबर के अनुसार, वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक फिल्म से उन्हें इसलिए हटा दिया गया, क्योंकि उनका रंग गोरा नहीं था। एक फिल्म निर्माता ने कहा कि वह उस किरदार के लिए गोरी नहीं हैं। इसके अलावा उन्हें बहुत पतली होने के लिए भी ताने सुनने पड़े थे। लोग अक्सर कहते थे कि उन्हें वजन बढ़ाना चाहिए, क्योंकि लोगों को भरे हुए शरीर वाली महिलाएं ज्यादा पसंद हैं। इस सभी बातों को लेकर वाणी का कहना है, 'वह खुद से खुश हैं और जैसी हैं, वैसे ही रहना चाहती हैं। वह फिट और स्वस्थ हैं और ऐसी बातों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।'



## 25 जुलाई को रिलीज होगा वॉर-2 का ट्रेलर

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'वॉर 2' के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी है कि 'वॉर 2' का मच अवेटेड ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की रिलीज डेट बताते हुए मेकर्स की ओर से एक पोस्ट शेयर की गई, जिसमें एक ऋतिक और जूनियर एनटीआर का एक पोस्टर शेयर किया गया है। इस पोस्टर पर ही ट्रेलर की रिलीज डेट लिखी है। इसके साथ ही लिखा है, '2025 में भारतीय सिनेमा के दो आइकन अपने सिनेमा के सफर के 25 साल पूरे कर रहे हैं। वॉर 2 यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फिल्म के जरिए जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। जबकि ऋतिक रोशन एक बार फिर रॉ एजेंट कबीर के किरदार में ही दिखाई देंगे।

टीवी मसाला



## सोशल मीडिया पर स्टार बन चुकी है ये बच्ची

**नई दिल्ली।** देवथा सीरियल स्टार मां चैनल का एक सुपरहिट शो रहा है, जिसमें छोटी बच्ची 'देवम्मा' का किरदार सबको बहुत पसंद आया था। अहाना बर्फी ने इस शो में प्यारा सा किरदार निभाया था, शो में उन्होंने अपने टैलेंट से सभी का दिल जीता था। अहाना ने ज्यादातर इमोशनल सीन में अपनी एक्टिंग से गहरी छाप छोड़ी है, हालांकि, देवथा सीरियल के बाद वह तेलुगु टीवी सीरियल्स में नजर नहीं आईं। लेकिन सोशल मीडिया पर वह पहले काफी एक्टिव रही हैं। अहाना बर्फी के इंस्टाग्राम पर करीब 4 लाख फॉलोअर्स हैं। माना जाता है कि वह किसी भी किरदार को अपनी एक्टिंग से खास बना सकती हैं। यही वजह है कि वह टीवी की दुनिया में धाक जमाए हुए हैं। अहाना बर्फी का जन्म 20 जनवरी को हुआ था, खबर है कि इन दिनों वह पढ़ाई में बिजी हैं और इसी वजह से एक्टिंग से थोड़ी दूरी बनाए हुए हैं। फिलहाल वह अपनी पढ़ाई पर फोकस करना चाहती हैं। उन्होंने कुछ शॉर्ट फिल्मों में भी काम किया है, हालांकि अब वह एक्टिंग से ब्रेक पर हैं, लेकिन उनकी हाल की फोटोज देखकर लोग हैरान हो रहे हैं, वो अब बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके पहले और अब की फोटोज को देखकर लोग कमेंट कर रहे हैं कि वह कितनी बदल गई हैं और पहले से भी खूबसूरत हो गई हैं। कुछ समय पहले उनका एक पारिवारिक फंक्शन वीडियो भी वायरल हुआ था। अहाना की एक फोटो बलैया और श्रीलीला के साथ भी वायरल हुई थी। फैंस का मानना है कि अगर अहाना दोबारा एक्टिंग में आती हैं तो उन्हें बहुत बड़ा प्यार और फॉलोइंग मिलेगी।

## अविनाश प्यार से बंधे रिश्ते में आएंगे नजर

**नई दिल्ली।** अविनाश मिश्रा टीवी की दुनिया के पॉपुलर एक्टर हैं। रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' के बाद अब वह अपना नया शो लेकर आ रहे हैं। अविनाश मिश्रा बालाजी टेलीफिल्म्स के यूट्यूब ओरिजिनल शो प्यार से बंधे रिश्ते में नजर आएंगे। हाल ही में अविनाश मिश्रा ने अपने इस नए शो को लेकर बात की और कहा कि वह प्रोजेक्ट की तलाश में थे जिसके जरिए वह दर्शकों से कनेक्ट कर पाए। अविनाश मिश्रा ने अपने नए शो प्यार से बंधे रिश्ते के बारे में कहा, 'बिग बॉस के बाद मैं ऐसा प्रोजेक्ट ढूंढ रहा था, जिससे मैं फिर से अपने दर्शकों से जुड़ सकूं। 'प्यार से बंधे रिश्ते मुझे बिल्कुल सही लगा। मैं बालाजी टेलीफिल्म्स का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और अपने पहले यूट्यूब शो की जिम्मेदारी मुझे दी।' उन्होंने कहा कि यह शो उनके लिए भी कुछ नया और अलग है।



## बॉबी देओल की फिल्म बंदर का टीआईएफएफ में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल की अपकमिंग फिल्म बंदर (बंदर पिंजरे में) का आगामी टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में विश्व प्रीमियर होने वाला है। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। टोरंटो अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कनाडा में 4 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित होने वाला है। यहां इसे दिखाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप कर रहे हैं। बॉबी देओल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। बॉबी देओल ने जो पोस्टर शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि एक छोटे कमरे में कई लोग सो रहे हैं।



इन सबके बीच बॉबी देओल चिंता में बैठे हुए हैं। कमरे की दीवार पर लोगों के कपड़े टंगे हैं। इसी कमरे में कई बर्तन भी रखे हैं। पोस्ट शेयर करते हुए बॉबी देओल ने जो टैग्स लगाए हैं, उसके मुताबिक फिल्म में अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा भी नजर आ सकती हैं। बॉबी देओल की पोस्ट पर अभिनेता विक्रांत मैसी ने कमेंट करते हुए लिखा है बहुत-बहुत बधाई सर। अभिनेत्री सैयामी खेर ने लिखा है 'याय...' हुमा कुरैशी ने बॉबी देओल को मुबारकबाद देते हुए फायर वाला इमोजी बनाया है। सनी देओल ने भी थम्स अप और दिल वाला इमोजी बनाया है। बॉबी देओल आखिरी बार तेलुगु फिल्म डाकू महाराज में दिखाई दिए थे।

## सफल डेब्यू के बाद अचानक इंडस्ट्री से गायब हुए ये सितारे

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई ऐसे स्टार्स भी हुए हैं, जिन्हें शुरुआत में तो सफलता मिली, लेकिन उसके बाद वो अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गए। इनमें कई ऐसे भी सितारे शामिल हैं, जिनकी पहली फिल्म ही बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।*

**इमरान खान :** सुपरस्टार आमिर खान के भांजे इमरान खान ने साल 2008 में आई फिल्म जाने तू या जाने ना से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म को पसंद भी किया गया था। इसके बाद इमरान खान कई और फिल्मों में भी नजर आए जिनमें मेरे ब्रदर की दुल्हन, ब्रेक के बाद, मटरू की बिजली का मन डोला, वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा, एक मैं और एक तू, गोरी तेरे प्यार में और डैली वैली जैसी फिल्में शामिल हैं। इमरान आखिरी बार 2015 में आई फिल्म कट्टी-बट्टी में नजर आए थे। इसके बाद लगभग दस साल बीत चुके हैं, लेकिन इमरान खान इंडस्ट्री से गायब हैं। हालांकि, ऐसी चर्चाएं हैं कि वो हैप्पी पटेल नाम की फिल्म में नजर आ सकते हैं।

**असिन :** आमिर खान के साथ सुपरहिट फिल्म गजनी से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली अभिनेत्री असिन बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ इंडस्ट्री में भी काफी चर्चित रहीं। लेकिन, शादी के बाद असिन अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गईं। असिन की बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो इनमें अधिकतर



बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थीं। असिन की फिल्मों में गजनी, लंदन ड्रीम्स, रेडी, हाउसफुल 2, बोल बच्चन, खिलाड़ी 786 और ऑल इज वेल जैसी फिल्में शामिल हैं। असिन ने अपने कॅरियर में आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे स्टार्स के साथ काम किया है।

**अमृता राव :** साल 2006 में आई फिल्म विवाह से रातों-रात नेशनल क्रश बन जाने वाली अमृता राव ने अपने करियर में कई फिल्में की। लेकिन, फिर अमृता अचानक लाइमलाइट से दूर हो गईं। हालांकि, वो छह साल पहले आई नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म ठाकरे में नजर आई थीं। लेकिन, फिलहाल अमृता एक लंबे वक्त से इंडस्ट्री से दूर हैं। अमृता ने अपने कॅरियर में 'इश्क विश्क, मस्ती, मैं हूं ना, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, प्यारे मोहन और शौर्य जैसी फिल्में दी हैं।

**जायद खान :** इंडस्ट्री में कई स्टारकिड ऐसे भी रहे जिनका कॅरियर कुछ खास नहीं रहा। ऐसे ही स्टारकिड्स में शामिल हैं वेटरन एक्टर संजय खान के बेटे जायद खान। चुरा लिया है तुमने से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले जायद खान का कॅरियर कुछ खास नहीं रहा।

## दुनिया बनाने वाले..., दोस्त-दोस्त न रहा जैसे मशहूर गाने गाए

# अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में बनाई जगह



*नई दिल्ली। 'इक दिन बिक जाएगा, माटी के मोल, जग में रह जाएंगे, प्यारे तेरे बोल'। गायक मुकेश की आवाज में यह गाना लोगों को खूब भाया। उन्होंने अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई। उन्होंने जीना यहां मरना यहां, दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई, दोस्त-दोस्त न रहा और मेरा जूता है जापानी जैसे मशहूर गाने गाए। भले ही मुकेश इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वह अपने गानों के जरिए लोगों के दिलों में जिंदा हैं।*

### भाग कर की शादी

मुंबई में मुकेश को एक गुजराती व्यापारी की लड़की सरला से प्रेम हो गया। सरला के पिता इस शादी के लिए तैयार नहीं थे। मुकेश के पिता भी इस शादी के लिए राजी नहीं थे। ऐसे में मुकेश ने सरला से भागकर शादी करने का फैसला किया। मुकेश ने सरला से एक मंदिर में अपने चचेरे भाई मोतीलाल की मौजूदगी में शादी की।

### इंजीनियर बनाना चाहते थे पिता

मुकेश बचपन से ही गायक बनना चाहते थे। उन्होंने मैट्रिक तक ही पढ़ाई की। पढ़ाई के दिनों में वह स्कूल के कार्यक्रमों में गाया करते थे। मुकेश के पिता जोरवर चंद माथुर, मुकेश को सिविल इंजीनियर बनाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मुकेश की नौकरी पीडब्ल्यूडी में लगवा दी। हालांकि, मुकेश के मन में गायक बनने का सपना जिंदा रहा। एक दिन उन्होंने अखबार में देखा कि मुंबई में कलाकारों की भर्ती निकली है। इसके बाद वह मुंबई चले गए। मुंबई पहुंचकर मुकेश को पांच साल बाद कामयाबी मिली।

### पहली बार नाकाम होने पर लोगों ने छोड़ा साथ

मुकेश की बहन की शादी हो रही थी। इसमें गाने बजाने का भी प्रोग्राम हो रहा था। लड़के वालों की जिद पर मुकेश ने समारोह में एल के सहगल के कुछ गाने गाए। इस शादी में फिल्मी दुनिया से भी कुछ लोग आए थे। उन्होंने मुकेश की आवाज सुनी। इसके बाद उन लोगों ने मुकेश कि पिता से कहा कि वह मुकेश को फिल्मों में काम देना चाहते हैं। मुकेश के पिता ने हां कह दी। इसके बाद मुकेश ने पहली बार फिल्म निर्दोष (1941) में गाना गाया और अभिनय किया। यह फिल्म नहीं चली। जिन लोगों ने मुकेश को काम के लिए बुलाया था, उन्होंने भी उनका साथ छोड़ दिया।

### लता मंगेशकर का कॅरियर बनाने में मदद की

लता मंगेशकर मुकेश को अपना भाई मानती थीं। वह रक्षाबंधन पर उन्हें राखी बांधती थीं। लता जब भी अपने संघर्ष के दिनों को याद करतीं तो वह मुकेश को भी याद करतीं। मुकेश ने ही लता मंगेशकर को अपना कॅरियर बनाने में मदद की। उस दौर में लता को लोग पतली आवाज की वजह से पसंद नहीं करते थे। उन्हें कई जगहों से नकारा जा चुका था। हालांकि, मुकेश को लता की आवाज अच्छी लगी। उन्होंने लता को नौशाद से मिलवाया। उन्हीं के कहने पर फिल्म अंदाज में लता को छह गाने गाने का मौका मिला। यहां से लता के कॅरियर को रफ्तार मिली।

### मुश्किलों से रिलीज हुआ पहला गाना

*यह साल 1943 का दौर था। मुकेश ने अपने चचेरे भाई अभिनीत फिल्म पहली नजर में दिल जलता है गाना गाया। फिल्म के निर्देशक मजहर खान इस गाने को रिलीज नहीं करना चाहते। उनका कहना था कि मोतीलाल चुलबुले किरदार करते हैं। ऐसे में उन पर गंभीर गाना नहीं जचेगा। ऐसे में उन्होंने कहा कि अगर फिल्म में मुकेश के गाने को दर्शकों ने पसंद नहीं किया तो एक हफ्ते के बाद फिल्म से इस गाने को निकाल दिया जाएगा। लेकिन, मुकेश का गाया गाना लोगों को पसंद आया। इसके बाद मुकेश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

### गानों के जरिए हिट कराई फिल्म

*गायक होने के साथ मुकेश एक फिल्म निर्माता भी थे। उस दौर में वह ऐसे गायक थे कि अपने दम पर फिल्में हिट कराने की ताकत रखते थे। साल 1951 में आई फिल्म मल्हार के प्रोड्यूसर खुद मुकेश थे। फिल्म के गानों को उन्होंने गाया। इसमें उनका साथ लता मंगेशकर ने भी दिया। फिल्म में बड़े कलाकार नहीं थे। इसके बावजूद ये फिल्म हिट रही। इस फिल्म के गाने बहुत मशहूर हुए, जिसकी वजह से यह फिल्म हिट रही।*

## खबर संक्षेप



### एक पेड़ मां के नाम मुहिम चलाकर लगाए पौधे

**भिवानी।** एक पेड़ मां के नाम की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए छायादार, फलहार एवं औषधीय पौधें लगाए गए। भाजपा केशव मंडल सचिव धर्मवीर पोटलिया ने अपने 42वें जन्मदिन पर 101वां पौधा लगाकर जन्मदिन मनाया। भाजपा महामंत्री रमेश पचेरवाल ने बताया कि जीवन में स्वस्थ रहने के लिए पेड़ पौधें लगाने बहुत जरूरी हैं। हर जगह पेड़ लगाने से वातावरण शुद्ध होगा।

### विश्वेश विद्या विहार स्कूल में लगाए पौधे

**भिवानी।** मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी नित्यानंद, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक जितेंद्र सैनी व हेमंत सैनी कल्चरल थिएटर एंड वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया। स्कूल प्राचार्य जोगिंदर ने बताया कि मातृत्व को समर्पित वृक्षारोपण में हर प्रतिभागी ने एक वृक्ष अपनी माँ के नाम समर्पित किया। बच्चों ने माँ को समर्पित नाटक धरती माँ की पुकार प्रस्तुत कर उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया। प्रीति ने बताया कि पेड़ केवल प्रकृति ही नहीं भावनाओं की विरासत हैं। जब हम माँ के नाम पर एक पौधा लगाते हैं, तो वह जीवनभर हमारी भावनाओं को संजोए रखता है।

### कर्मचारियों ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**बहल।** कर्मचारियों के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन बहल की मीटिंग जन स्वास्थ्य उप मंडल के प्रांगण में प्रधान रोहतास फौजी की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में विचार विमर्श किया गया। कर्मचारियों में समस्याओं से सम्बंधित ज्ञापन विभाग के अधिकारियों को दिया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण अभियान चलाया

**बाढड़ा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपमंडल क्षेत्र के प्रत्येक गांव में पौधरोपण कर अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विधायक उमेद पातुवास ने गांव पातुवास में पारस पीपल लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। गांव पातुवास में पारस पीपल लगाकर पौधरोपण अभियान का शुभारंभ करते हुए विधायक उमेद पातुवास ने कहा कि मानव जीवन में आक्सीजन बहुत जरुरी है।

### बलाली गांव में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई

**चरखी दादरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बलाली गांव में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उनके गर्भकाल के अंतिम चरण को खास बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारण ने की। महिलाओं के वजन व हीमोग्लोबिन की जानकारी ली।

## मुख्यातिथि सुंदर अत्री ने कहा कि वे विद्यार्थियों को संसद का भ्रमण करवाएंगे

# युवा संसद कार्यक्रम में विपक्ष ने महंगाई को लेकर सरकार को घेरा

वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि में युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन



बवानी खेड़ा में वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में युवा संसद कार्यक्रम में उपस्थितजन एव मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा में वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि के रूप में नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री, विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीष शंकर, सुरेश गौरिया ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

निर्णायक मंडल की भूमिका में डाइट बिरही कलां से प्रवक्ता विकास, नरेश कुमार, अंजू ने शिरकत की। कार्यक्रम प्राचार्या संतोष भाकर के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के नॉडल अधिकारी प्रवक्ता राजेन्द्र कुमार व हरदीप सिंह बागोतिया रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष की भूमिका हीना ने अदा की तो प्रधानमंत्री के रूप में प्रिंस, गृहमंत्री के रूप में रोबिन, शिक्षा मंत्री जतिन व नेता प्रतिपक्ष के रूप में दीपिका की भूमिका सराहनीय रही। संसद में पुरानी पेंशन का मुददा, ऑपरेशन सिंदूर, महंगाई, आतंकवाद, बिहार में मतदाताओं के पुनरीक्षण अवैध अप्रवासी मामला व महिला शोषण से संबंधित मुददे रहे। मीडिया सचिव के रूप में गीता का योगदान रहा। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि चेयरमैन सुंदर अत्री ने बताया कि बच्चों का युवा संसद में प्रदर्शन देखने योग्य रहा। वे जल्द ही इन बच्चों को वास्तव में संसद का भ्रमण करवाएंगे ताकि युवा भविष्य में नया इतिहास रचने का काम करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रवक्ता नमिता, नवीन कौशिक, उपप्राचार्य सत्यवान, सुभाष कदावला का विशेष योगदान रहा।

### वीर सैनिकों के त्याग को याद रखें



**भिवानी।** सरकारी बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बामला में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में गरिमामयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम उन वीर सपूतों को समर्पित था, जिन्होंने 1999 के कारगिल युद्ध में मातृभूमि की रक्षा कर अपने प्राणों की आहुति दी। मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अमित कादयान ने कारगिल युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें अपने वीर सैनिकों के त्याग और बलिदान को सदैव स्मरण रखना चाहिए। उन्होंने युवाओं को देशभक्ति, अनुशासन और सेवा भाव अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की स्थानीय समन्वयक डॉ. मनीषा ने छात्राओं को राष्ट्रप्रेम एवं कर्तव्यनिष्ठा के महत्व से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना को प्रबल करते हैं और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।




बवानी खेड़ा में वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में सम्मानित करते हुए।

### विज्ञान प्रश्नोतरी में हिना व दीपांशी ने मारी बाजी

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय प्राचार्या संतोष भाकर के नेतृत्व में किया गया। जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रवक्ता डा. अनिल कुमार, डा. कपिल कुमार, प्रवक्ता कृष्ण कुमार, प्रवक्ता हुनेश, प्रवक्ता मोहित यादव ने अपनी अहम भूमिका अदा की। प्रथम टीम में 12वीं कक्षा की हीना प्रथम, दीपिका द्वितीय, 11वीं की आरती तृतीय रही, दूसरी टीम में 9वीं की दीपांशी प्रथम, 11वीं का सिद्धांत द्वितीय, 12वीं का कपिल तृतीय रहा, तृतीय टीम में 12वीं की ऋतिका प्रथम, 11वीं की कशिश द्वितीय, 11वीं का नवदीप तृतीय रहा। विद्यालय प्राचार्या संतोष भाकर ने बताया कि विद्यार्थी समय-समय पर प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का हुनर पेश करते हैं ताकि इनकी प्रतिभाएं बाहर आ सके। वहीं निर्णायक मंडल की टीम ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों का प्रतियोगिता में जोश देखते ही बनता था। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



### बच्चों ने भगवान शिव के विभिन्न रूपों की दी प्रस्तुति

**चरखी दादरी।** गांव बिरहकलां स्थित स्कॉलर्स वर्ल्ड स्कूल में मंगलवार को भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास का माहौल रहा। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय के छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के साथ शिवरात्रि की पूर्व संध्या मनाई। मनमोहक वेशभूषा में सजे नन्हे-मुन्ने छात्र भगवान शिव व देवी पार्वती की प्रस्तुतियां दी। उनके प्रदर्शनों ने भगवान शिव के विभिन्न रूपों और दृश्यों को जीवंत कर दिया, जिससे उनकी समृद्ध पौराणिक कथाओं और सार का प्रदर्शन हुआ। बच्चों के भावपूर्ण अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा विद्यालय परिसर शिवमय वातावरण से गूंज उठा। प्राचार्य बिजेंद्र सांगवान ने सभी को शिवरात्रि की बधाई दी।

### एचडी स्कूल बिरोहड़ में मनाया शिवरात्रि पर्व




**चरखी दादरी।** एचडी विद्यालय बिरोहड़ में शिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया। विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने बच्चों को संबोधित करते हुए बच्चों को भगवान शिव और माता पार्वती के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इस दिन शिव मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाता है और भक्तगण व्रत और ध्यान के साथ शिवलिंग पर जल, दूध, बेल पत्र, धूप, दीप, फल, मिश्री, और फूल चढ़ाकर पूजन करते हैं। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर विशेष भावुकता से भगवान शिव की आराधना की और उनके प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति का प्रदर्शन किया। नन्हे-मुन्नों द्वारा दी गई प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रहीं तथा बच्चों द्वारा शिव, पार्वती, गणेश और कार्तिकेय आदि की सुंदर झांकियां निकाली गई।

### एम. पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रश्नोत्तरी करवाई

**भिवानी।** के. एम.पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए रखी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्या रेनू सैनी, उप -प्राचार्या नीलम गौतम, समिति सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा, गतिविधि प्रभारी सारिका पंडित ने मां सरस्वती व सेठ किरोड़ीमल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण करके किया। बच्चों से विज्ञान से संबंधित रोचक प्रश्न पूछे गए । प्रतियोगिता में टीमसीवी रमन से मैत्री, जानवी, अक्षत,पार्थ यादव, चिन्मयी व अर्नवने प्रथम,टीम न्यूटन सेआराध्या, छवि, कर्मिष्ठा, हर्षित, लव्यम व दिव्य ने द्वितीय तथा टीम आइंस्टीन से काश्वी, अपूर्वा, नमन, तनिश और मयंक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विज्ञान विषय शिक्षिका आशा,मंजू गिरधर, अमिता, मुन्नी, रेखा श्योराण, स्वाति तथा सतीश कुमार उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया, सचिव राजेश मोडा,ट्रस्टी मयंक मोडा,प्रबंधक आनंद बासिया, समिति सदस्य जितेंद्र गोयल ने विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

# प्राथमिक उपचार तकनीकों की जानकारी दी

- प्राथमिक सहायता एवं गृह परिचर्चा मूल्यांकन शिविर का समापन
- जिला सैंट जॉन शाखा को भेंट की दो-दो स्ट्रैचर व चार प्राथमिक सहायता किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



प्राथमिक सहायक प्रवक्ताओं को सम्मानित करते अतिथि।

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, सेंट जॉन एंबुलेंस इंडिया की हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ द्वारा श्रीमाता मनसा देवी साइन बोर्ड के लक्ष्मी भवन धर्मशाला में तीन दिवसीय प्राथमिक सहायता एवं गृह परिचर्चा मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया। शिविर में देशभर के विभिन्न जिला मुख्यालयों से फर्स्ट एड प्रवक्ताओं ने भाग लिया।

इसी कड़ी में भिवानी रैडक्रॉस अध्यक्ष एवं उपायुक्त साहिल गुप्ता के मार्गदशन एवं सचिव प्रदीप कुमार के नेतृत्व में जिला केंद्र से फर्स्ट एड प्रवक्ता संजय कामरा व डॉ. हरेंद्र सिंह पुनिया ने भाग लिया। शिविर के समापन पर भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी एवं सैंट जॉन एंबुलैंस हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की तथा फर्स्ट एड प्रवक्ताओं को अहम टिप्स देते हुए प्रत्येक जिला सैंट जॉन शाखा को दो-दो स्ट्रैचर व चार प्राथमिक सहायता किट प्रदान की। रैडक्रॉस के सचिव प्रदीप ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक उपचार तकनीकों और गृह परिचर्या मूल्यांकन में प्रवक्ताओं के कौशल को और निखारना था, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर प्रशिक्षण प्रदान कर सकें, ऐसे शिविरों का आयोजन आपातकालीन स्थितियों में लोगों की जान बचाने और तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। फर्स्ट एड प्रवक्ता संजय कामरा ने कहा कि आज के समय में प्राथमिक सहायता का ज्ञान बहुत जरूरी है। किसी दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को सही समय पर सही प्राथमिक सहायता मिल जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है, इससे दुर्घटना के कारण होने वाली मृत्यु दर को भी कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रैडक्रॉस का उद्देश्य विद्यालय, कॉलेज, विवि के साथ-साथ आमजन को भी इस बारे जागरूक करना है, ताकि किसी भी आपात स्थित या जरूरत के समय लोगों के जीवन को बचाया जा सकें।

## गोभक्त हरफूल जाट जुलानीवाला का बलिदान दिवस 27 को

15 बूचड़खानों को कर दिया था ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** गोभक्त हरफूल जाट जुलानीवाला के बलिदान दिवस कार्यक्रम का न्योता देते ट्रस्ट के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

खावा में 27 जुलाई को गौभक्त हरफूल जाट जुलानीवाला का बलिदान दिवस मनाया जाएगा। समारोह गांव स्थित हरफूल जाट जुलानीवाला गोशाला प्रांगण में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम का संयुक्त रूप से आयोजन गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट और ग्राम स्वराज किसान मोर्चा द्वारा किया जा रहा है।

गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र सिंह गोदारा ने बताया कि शहीद किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा के समाधि स्थल पर आयोजित विशेष बैठक में ये महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया।आयोजन सिर्फ एक स्मरणोत्सव नहीं, बल्कि ऐसे नायक को श्रद्धांजलि है, जिसने अपने जीवन को गोवंश और जनहित के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने बताया कि हरफूल जाट जुलानीवाला का नाम भारतीय इतिहास में गौसेवा और जनसेवा के पर्याय के रूप में दर्ज है। 1930 के दशक में जब ब्रिटिश शासन के दौरान बड़े पैमाने पर गोवंश काटा जा रहा था, तब हरफूल सिंह ने असाधारण साहस का परिचय दिया। उन्होंने उस समय अंग्रेजों द्वारा चलाए जा रहे 15 बूचड़खानों को ध्वस्त कर दिया, जहां हजारों गोवंश को अमानवीय तरीके से मौत के घाट उतारा जा रहा था।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के अध्यक्ष जोगेंद्र तालु, युद्धबीर मंगल सिंह खरेटा, रामअवतार दलाल, तोशाम अध्यक्ष ईशवर बागनवाला, मनफुल जटासरा, इंद्र खरेटा, मास्टर रघुबीर भेरा, राज धनाना, राजपाल चाहर व भानाराम भड़िया शामिल रहे।

### विद्यार्थियों ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत किया पौधरोपण

**लोहारू।** इन दिनों राजकीय विद्यालयों द्वारा इलाके में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत स्थानीय राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल की प्राचार्या पूनम श्योराण की की अध्यक्षता में स्कूल परिसर में तथा पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या दर्शना कुमारी के नेतृत्व में लाल बहादुर शास्त्री पार्क में विद्यार्थियों द्वारा पौधा रोपण किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पौधों का पालन पोषण करने की भी जिम्मेदारी ली। मॉडल संस्कृति स्कूल में कार्यक्रम की शुरूआत छात्रा सुरभि ने अपनी माता कविता व विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पूनम श्योराण के साथ पौधा रोपण कर की। प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थियों को करीब 350 पौधे वितरित किए गए हैं। कार्यक्रम की समीक्षा एवं निरीक्षण के लिए जिला समन्वयक कमल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि एक पेड़ मां के नाम 2.0 एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है। भिवानी जिले में 81,000 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने मॉडल संस्कृति विद्यालय, लोहारू की टीम को उत्कृष्ट संचालन एवं भागीदारी के लिए सराहना की। उपप्राचार्य उमेद सिंह श्योराण सहित सभी शिक्षकगण व विधार्थी सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे। उधर स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री पार्क में प्राचार्या दर्शना कुमारी के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने 80 से अधिक पौधे रोपित किए। इस दौरान स्टाफ सदस्य जयप्रकाश, पवन कुमार, जितेंद्र, रवींद्र कुमार, ममता आदि सानिध्य में विद्यार्थियों ने पौधे रोपित किए।

## वैश्य महाविद्यालय में कर सकेंगे जीजेयू, हिसार की डिस्टेंस से पढ़ाई

**भिवानी।** आधुनिक युग में शिक्षा का अपना एक अहम स्थान है वैश्य महाविद्यालय का प्रयास है कि क्षेत्र का हर एक बच्चा शिक्षित होकर समाज का एक प्रहरी बनकर देश का नाम रोशन करें यह बात गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा भिवानी के वैश्य महाविद्यालय भिवानी में स्थापित किए गए दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र का शुभारंभ करते हुए मुख्य समन्वयक वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ संजय गोयल एवं समन्वयक प्रो धीरज त्रिखा ने कही। उन्होंने बताया कि गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा अपने दूरस्थ एवं आनलाइन शिक्षा केंद्र के अंतर्गत वैश्य महाविद्यालय भिवानी में एक नया अध्ययन केंद्र स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की है।

यह केंद्र कुलपति की स्वीकृति अनुसार 1 जुलाई, 2025 के तहत मंजूर किया गया है



कॉलेज के कार्यालय में उपस्थित प्राचार्य संजय गोयल।

और केंद्र कोड 4117 के अंतर्गत कार्य करेगा। इस निर्णय से पूर्व गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार की निरीक्षण समिति ने गत माह वैश्य महाविद्यालय का दौरा किया था। सभी मानकों को संतोषजनक पाए जाने के पश्चात इस केंद्र को मंजूरी प्रदान की गई। यह केंद्र जुलाई-अगस्त 2025 से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र से ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड में संचालित होगा।

### रात्रि ठहरावः डुडीवाला नंदकरण गांव में उपायुक्त ने सुनी जनसमस्याएं



**चरखी दादरी।** गांव के रिहायशी क्षेत्र में सोखता गड्ढा तकनीक को अपनाकर जलभराव की समस्या का समाधान किया जा सकता है। डुडीवाला नंदकरण गांव की पंचायत इसको लेकर प्रयास करे और दूसरे गांवों के लिए नजीर बने। सोखता गड्ढा एक प्रकार की जल संचयन प्रणाली है जो वर्षा जल को जमीन में सोखने और भूजल को पुनर्भरण करने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह प्रणाली विशेष रूप से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संचयन और भूजल पुनर्भरण के लिए उपयोगी है।

उपायुक्त मुनीश शर्मा ने सोमवार को डुडीवाला नंदकरण गांव में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान समस्याएं सुनते हुए सह बात कही। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा भी मौजूद रहे। उपायुक्त के समक्ष जब गांव की गलियों में जलभराव की समस्या रखी गई तो उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि सोखता गड्ढा तकनीक ही जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान हो सकता है। ऐसे में गांव की पंचायत और लोगों को इस ओर प्रयास करने चाहिए ताकि यह गांव अन्य गांव के लिए नजीर साबित हो। उन्होंने कहा कि सोखता गड्ढा वर्षा जल को जमा करने और उसे जमीन में सोखने में मदद करता है। यह प्रणाली भूजल को पुनर्भरण करने में मदद करती है।

### बीसीएन स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते 25 पदक, लहराया परचम

**भिवानी।** हिसार में 19 व 20 जुलाई को आयोजित 13वीं हरियाणा स्टेट पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में बीसीएन स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों का यादगार इवेंट रहा। अकादमी के होनहार खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कुल 25 पदक जीतकर अकादमी और भिवानी जिले का नाम रोशन किया। इन पदकों में आठ स्वर्ण, पांच रजत और 12 कांस्य पदक शामिल हैं, जो उनकी कड़ी मेहनत एवं समर्पण का प्रमाण है। इस शानदार उपलब्धि के बाद पदक विजेता खिलाड़ियों और उनके कोच दीपक कुमार का विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर समाजसेवी एलआर शास्त्री और पवन तंवर सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित थे, जिन्होंने खिलाडियों को उनकी जीत के लिए बधाई दी। कोच दीपक कुमार बताया कि 13वीं हरियाणा स्टेट पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में उनकी अकादमी के मयंक यादव, अंकित नागर, जतिन, काव्या, प्रियांशु, प्रतीक, खुशी व योगेश ने गोल्ड मेडल, शिवाय कादियान, निखिल, बनज, कौशल व केशव ने सिल्वर मेडल तथा मनजीत, दीपक, आयुष, हार्दिक, आदित्य, चेतन, विवेक, दीपांशु, अनुष्का, रजत, राखी, सन्नी ने ब्रांज मैडल हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल नगरी भिवानी को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर गौरवांवित किया है। उन्होंने बताया कि बीसीएन स्पोर्ट्स अकादमी लगातार खेल के क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को निखारने का काम कर रही है और ये चैंपियनशिप एक बार फिर इस बात का प्रमाण है कि सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## दो माह में तीन दिन के लिए नहरों में पहुंच रहा है पानी

# नहरें पानी से लबालब फिर भी मानहेरू के ग्रामीण एक-एक बूंद को तरसे

- आज डीसी से मिलें, परसों एमएलए, फिर सिंचाई मंत्री से बात नहीं बनी तो सीएम का दरवाजा खटखटाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी।



भिवानी। **पानी की मांग को लेकर नारेबाजी करते ग्रामीण।** फोटो : हरिभूमि

चहुंओर पानी को लेकर हाहाकार मचा है। कहीं पर पानी ज्यादा जमा होने से लोग बेहद परेशान है। कहीं पर पीने के पानी की भयंकर किल्लत बनी है। ऐसा ही वाक्या गांव मानहेरू के ग्रामीणों के साथ बना हुआ है। दादरी डिस्ट्रीब्यूटरी पानी से लबालब है,लेकिन मानहेरू गांव तक एक बूंद भी नहरी पानी नहीं पहुंच पा रहा है। हालात ये बने है कि इस मौसम में भी एक माह मे दो से तीन दिनों तक नहरी पानी पहुंचता है,जो कि जलघर के टैंकों तक पहुंचता है और उसके बाद फिर से बंद हो जाता है। अब गांव मानहेरू के तीन टैंको में से केवल एक टैंक में पांच से छह फुट तक पानी जमा है। अगर वह पानी खतम हो जाए तो पीने के पानी के लिए गांव में लाले पड़ जाएंगे। इसी समस्या को लेकर गांव की पंचायत उपायुक्त कार्यालय पहुंची। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि आज वे पीने के पानी की समस्या को लेकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचे है। वे अपनी सारी पानी की समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखेंगे। अगर समाधान हो जाता है तो सही है। अगर समाधान नहीं हुआ तो वे आगामी रणनीति तय करेंगे। दूसरी तरफ गांवं के सरपंच प्रदीप ने बताया कि बौंद डिस्ट्रीब्यूटरी में पूरा पानी बह रहा है,लेकिन मानहेरू की तरफ बहने वाली नहर में पानी नहीं है। जिसके चलते गांव में पीने के पानी का भंयकर टोटा बना है।

### गाद से अटे जलघर, पनप रही है हरियाली



ग्रामीणों ने बताया कि गांव में तीन जलघर है। उनमें से केवल एक ही जलघर में पानी जमा है।उसी जलघर में करीब एक से डेढ फुट तक गाद जमा है। गाद में हरियाली मारने लगी है। दो अन्य जलघरों में पानी ही नहीं है। विगत में बारिश हुई तो पानी जमा हुआ। उस पानी में भी हरियाली छाने लगी है। क्योंकि पानी ज्यादा नहीं है और सफाई न होने की वजह से खरपतवार उग आए है। फिलहाल गांव के एक टैंक में जमा पानी में से ही गांव में पानी की सप्लाई दी जा रही है। अगर यही स्थिति रही तो कुछ ही दिनों में गांव में पीने का पानी का भंयकर संकट बन जाएगा।

### मुख्यमंत्री का दरवाजा खटखटाएंगे



गांव के सरपंच ने बताया कि वे आज इस समस्या को लेकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचे है। उनसे समस्या के समाधान की गुजारिश की जाएगी। अगर उनसे बात नहीं बनी तो वे परसों विधायक घनश्याम सर्राफ के आवास पर पहुंचेगे और उनसे पानी की समस्या का समाधान करवाए जाने की मांग की जाएगी। अगर उन्होंने भी उनकी समस्या को हलके में लिया तो वे सिंचाई मंत्री व पब्लिक हेल्थ मंत्री के दरबार में अरदास लगाएंगे। ताकि उनके पीने के पानी की समस्या का स्थाई समाधान हो सके। अगर फिर भी बात नहीं बनी तो वे सीएम नायब सिंह सैनी के दर पर पहुंचेगे और उनसे उनकी समस्या का समाधान की गुजारिश की जाएगी।

### मनोशक्ति को बढ़ाती है सकारात्मक ऊर्जा

**भिवानी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा सिद्धिधाम में आध्यात्म संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में मुख्यरूप से माउंटआबू से प्रधारे जयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर (जेईसीआरसी) में प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के निदेशक एवं आध्यात्मिक अनुसंधान प्रकोष्ठ के प्रमुख प्रोफेसर मुकेश अग्रवाल ने आध्यात्म की बारीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मुख्यरूप से मानसिक एवं शारीरिक रूप से अगर स्वस्थ रहना है तो नकारात्मक विचारों का त्याग करना होगा, जिससे मनुष्य सकारात्मक ऊर्जा के साथ जीवन का सफर तय कर सकता है। यह केवल आध्यात्म को अपनाने से ही संभव हो सकता है, क्योंकि सकारात्मक ऊर्जा ही व्यक्ति की मनोशक्ति बढ़ाती है। शाखा प्रमुख राजयोगिनी बीके सुमित्रा बहन ने आगंतुकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि मानव को अपने व्यसत जीवन में से कुछ समय निकाल कर आध्यात्म में लगाना चाहिए, जिससे की उसके अंदर के बुरे विचारों को नष्ट कर सकारात्मक विचारों का समावेश हो सके और परमात्म शक्ति का अनुभव हो।

## खबर संक्षेप

### आज निकाली जाएगी कांवड़ शोभायात्रा

**बहल।** महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिवशंकर को गंगाजल चढ़ाने के लिए हरिद्वार, गंगोत्री से कावड़ में पवित्र गंगाजल लेकर आए कावडियों के सम्मान में श्री अलख द्वारा कावड़ शोभायात्रा निकाली गई। कावड़ शोभा यात्रा भिवानी रोड पर शिवशक्ति रेस्टोरेंट से शुरू होकर श्री अलख आश्रम तक पहुंची। मंगलवार को शाम चार बजे शिवशक्ति रेस्टोरेंट पर बड़ी संख्या में कावड़ यात्री एकत्रित हुए। वहां से श्री अलख मंडल के सेवकों ने उनका स्वागत किया व शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में शामिल युवा व बच्चों ने हर हर महादेव, जय भोलेनाथ के जयकारे के साथ पूरा माहौल शिवमय बना दिया।

### सीएम से मिलेगी ग्यारह सदस्यीय किसान कमेटी

**बाढड़ा।** प्राकृतिक आपदा ग्रस्त फसलों के नुकसान पर फसल बीमा योजना के लंबित मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का बाढड़ा तहसील कार्यालय परिसर में धरना छठे दिन भी जारी रहा। दोपहर बाद धरने पर पहुंचे विधायक उमेद पातुवास ने बकाया मुआवजा, लंबित कनेक्शन खाद की पर्याप्त आपूर्ति पर किसानों की सभी मांगे मानने का प्रस्ताव रखा। दोनों पक्षों में हुई वार्ता के बाद आंदोलनकारी किसानों ने 24 जुलाई को प्रस्तावित किसान रैली कार्यक्रम रद्द करने व सीएम नायब सिंह सैनी से दादरी में आमने सामने बैठकर बातचीत करने पर सहमति बनी। बाढड़ा उपमंडल मुख्यालय पर पिछले छह दिन से धरनारत किसानों के पास पहुंचे विधायक उमेद पातुवास के सामने भाकियू अध्यक्ष हरपाल भांडवा, कामरेड ओमप्रकाश भिवानी आदि रहे।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**लोहारू।** लोहारू-झुप्पा सड़क मार्ग पर एक पिकअप की टक्कर से एक मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक जोगेंद्र सिंह की शिकायत पर पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में गांव झुप्पा कलां निवासी जोगेंद्र ने बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल पर गांव से लोहारू शहर की तरफ जा रहा था। बसीरवास के कच्चे रास्ते के पास तेज गति से आई पिकअप ने उसकी मोटरसाइकिल को ठोंक दिया। जिसमें वह घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती किया।

### हरिद्वार, गंगोत्री से कांवड़ में गंगाजल लेकर भिवानी पहुंच रहे शिवभक्त

# आज बम-बम भोले के जयकारों से गूंजेंगे छोटी काशी के शिवालय

**श्रावण माह की शिवरात्रि मनाए जाने के लिए जिलेभर के मंदिर सजकर तैयार**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

23 जुलाई को श्रावण माह की शिवरात्रि मनाई जाएगी। शिव भक्त कांवड़िए हरिद्वार, गंगौत्री, गौमुख व नीलकंठ से झूला, बैठी व खड़ी कांवड़ में गंगाजल लेकर भिवानी पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही उक्त धार्मिक स्थलों से डाक कांवड़ लेकर शिवभक्तों का समूह रवाना हो चुका हैं, जो दौड़ता एवं डाक लगाते हुए शिवालयों में सीधे शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। शिवभक्त 23 जुलाई को भगवान शिव का उपवास रखकर उनकी अराधना करेंगे और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। शिवरात्रि पर्व पर छोटी कांशी के शिवालय बम-बम भोले व हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजेंगे। उल्लेखनीय हैं कि 11 जुलाई से श्रावण माह शुरू और नौ अगस्त को समाप्त होगा। श्रावण माह की शिवरात्रि पर छोटी कांशी के शिवालयों में बम-बम भोले व हर-हर महादेव के जयघोष गूंजेंगे। श्रावण माह में जोगीवाला शिव मंदिर, बाबा जहरगिरी आश्रम, जोहड़ीवाला हनुमान मंदिर शिवालय, श्योलाल पुरी मंदिर, टेकासूजी शिव मंदिर, हीरापुरी मंदिर, जोहड़ वीर मंदिर व सिद्धपीठ लाल महादेव अखाड़ा वाला मंदिर सहित शहर के अनेक शिवालयों में श्रावण माह की शिवरात्रि के अर्धरात्रि को ही बम-बम भोले व हर-हर महादेव के जयघोष के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक होगा। अर्धरात्रि से शिवभक्त कांवड़िए अपने कांवड़ों में लेकर आए गंगाजल को शिवलिंग पर चढ़ाकर भगवान शिव की अराधना करेंगे। शिवालयों में अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की लम्बी लम्बी लाइनें लगनी शुरू हो जाएगी और शिवभक्त लाइनों में लगकर शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल, फूल, बांग व धतूरा आदि चढ़ाकर भगवान शिव की अराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।



भिवानी। जोगीवाला शिव मंदिर। फोटो: हरिभूमि

### रंग-बिरंगी लाइटों से सजे भोलेनाथ के मंदिर

जोगीवाला शिव मंदिर छोटी काशी का प्रसिद्ध शिवालय हैं, जहां अलसुबह से ही शिवलिंग पर जलाभिषेक करने को श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी लाइनें लग जाती है। मंदिर परिसर में लगी लाइनों को देखकर भगवान शिव के प्रति भक्तों की आस्था का अंदाजा लगाया जा सकता हैं। श्रावण माह में मंदिरों को रंग बिरंगी लाइटों, लड़ियों व फूलों से सजाया जाता हैं और शिवालयों में भगवान भोलेनाथ की महिमा का गुणगान किया जाता हैं। शिवभक्त कांवड़िये हरिद्वार, गंगौत्री, गौमुख व नीलकंठ से हजारों की संख्या में कावड़ लेकर भिवानी के शिवालयों में चढ़ाकर शिव अराधना करते हैं। वहीं शिवालयों के बाहर खेल खिलौने, महिलाओं का श्रृंगार आदि की स्टॉल लगती हैं, जहां पर महिलाएं व बच्चे खरीददारी करते हैं।



ढिगावा मंडी। कांवड़ियों की सेवा में खड़े श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### शिविर लगाकर कांवड़ियों की सेवा में जुटे श्रद्धालु

**ढिगावा मंडी।** महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार से कांवड़ लेकर आने वालों का सिलसिला लगातार जारी है। कांवड़ लाने वालों की सेवा में रास्ते में भंडारा के आयोजन के साथ श्रृद्धालु पानी, फल, जूस पिलाने की सेवा कर रहे हैं। मंगलवार को हरिद्वार से कांवड़ लेकर लोहारू, राजस्थान की ओर जाने वालों का सिलसिला जारी है, जिसमें महिलाएं, युवक, किशोर सभी उम्र के लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पिलानी नेशनल हाईवे 709ई पर ढिगावा मंडी, बाजार, दादा भोमिया मंदिर, अग्रसेन भवन, बाबा हवागरी आश्रम खरकड़ी बावनवाली पर श्रद्धालुओं ने पंडाल सजाया, जहां कांवड़ लाने वालों के लिए भोजन-विश्राम की व्यवस्था की। बाबा हवागिरी आश्रम के महंत स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज के नेतृत्व में कांवड़ियों की सेवा का आयोजन किया। अग्रसेन भवन में रोशनलाल सेठ, सुरेश डिंगलीवाला, जगदीश प्रसाद जांगड़ा, राधेश्याम सेठ, भीम झुपा, नरेंद्र मित्तल, रोहित मित्तल, नवीन गोयल व कृष्ण आदि द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा की जा रही है। कांवड़ लाने वालों के लिए भंडारा और महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग स्नान घर व शौचालयों की व्यवस्था की गई है। लीलाराम मिस्त्री, कालिया, संदीप सांगवान, भूपसिंह, अंकित श्योराण व मोहित ने कांवड़ लाने वालों को जूस, फल व पानी की बोतलें वितरित की।



भिवानी। अमरनाथ से कांवड़ लेकर पहुंचे नरेंद्र यादव का स्वागत करते शिवभक्त।

## अमरनाथ से कांवड़ लेकर पहुंचे नरेंद्र का स्वागत

- साइकलिस्ट नरेंद्र ने यात्रा के दौरान लोगों को दिया पर्यावरण संरक्षण व भाईचारे का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

गांव नंदगांव निवासी 53 वर्षीय साइकिलिस्ट नरेंद्र यादव ने पर्यावरण संरक्षण एवं मानव कल्याण का संदेश देते हुए अनूठी मिसाल कायम की है। उन्होंने करीबन 2200 किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर अमरनाथ यात्रा से कांवड़ लाकर अपने मिशन को और मजबूत किया है। उनकी इस असाधारण यात्रा के बाद गांव बापोड़ा-दिनोद-देवसर लिंक रोड स्थित शिविर में श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। बता दें कि एक माह की साइकिल यात्रा के बाद कांवड़ लेकर अपने पैतृक गांव नंदगांव पहुंचे। नरेंद्र अब तक लगभग 20 हजार किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर चुके हैं। अपनी इन यात्राओं के माध्यम से वे लगातार पर्यावरण संरक्षण और आपसी भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। गांव बापोड़ा-दिनोद-देवसर लिंक रोड स्थित आटे वाला नीम पर बाबा आटे वाला नीम शिव मंदिर में वर्ष 2001 से निरंतर कावड़ शिविर लगाए जाते है। शिविर में पप्पू पिपोसिया, ऋषि शर्मा, सतीश एडवोकेट, भीम मिस्त्री दिनोद व बापोड़ा के अनेक ग्रामीणों ने नरेंद्र यादव का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र एक सच्चे पर्यावरण प्रहरी के रूप में उभरे हैं, जो अपनी शारीरिक क्षमता एवं दृढ़ संकल्प का उपयोग समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कर रहे है। वहीं अमरनाथ से कावड़ लेकर पहुंचे साइकलिस्ट नरेंद्र यादव ने बताया कि एक व्यक्ति अपने जीवन में 15 पेड़ों की लकड़ी को कम से कम खर्च करता है, ऐसे में उसका दायित्व बनता है कि वह अधिक से अधिक पेड़ लगाएं, ताकि हमारा पर्यावरण व प्रकृति संरक्षित रह सकें।

## मेहंदी रचाओ उत्सव का आयोजन

- गांव कुंगड़ के ग्राम सेवा केंद्र ट्रस्ट की छात्राओं ने सैकड़ों महिलाओं को लगाई मेहंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

सावन शिवरात्रि के मौके पर गांव कुंगड़ की ग्राम सेवा केंद्र ट्रस्ट में छात्राओं द्वारा मंगलवार को गांव गुहांड की महिलाओं के लिए निशुल्क मेहंदी रचाओं उत्सव का आयोजन किया गया। इस कैंप में ग्राम सेवा केंद्र ट्रस्ट की छात्राओं द्वारा गांव की सैंकड़ों महिलाओं एवं छात्राओं को निशुल्क मेहंदी लगाई। केंप की अध्यक्षता कर रही मनप्रीत कौर एवं संगीता रानी ने बताया कि गांव कुंगड़ के ग्राम सेवा केंद्र में समय समय पर महिलाओं को जागरूक करने एंव महिलाओं के लिए निशुल्क योजनाओं का आयोजन होता रहता है। ऐसे में हर बार की तरह इस बार भी सावन की शिवरात्रि के मौके पर गांव की महिलाओं के लिए निशुल्क मेहंदी लगाने के लिए मेहंदी रचाओं उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें गांव गुहांड की सैंकड़ों महिलाओं और छात्राओं को मां पार्वती और शिव शंकर की तस्वीर भरी मेहंदी लगाई गई। शिवरात्रि का दिन महाकाल और माता पार्वती को समर्पित होता है। ऐसे हाथों पर मां पार्वती और शिव शंकर की तस्वीर बनाना और डमरू और त्रिशूल बनवा शुभ माना जाता है। मेहंदी रचाओ उत्सव में पूनम छाछिया व तमन्ना को बेस्ट मैनेजमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया। इसके अलावा सुरक्षा, सीमा, खुशी, दीपिका, रितिका, साक्षी, शिवानी, मीनाक्षी व प्रगति को बेस्ट मेहंदी अवॉर्ड से नवाजा गया।



बवानीखेड़ा। आयोजित कार्यक्रम में मेहंदी लगवाती एक महिला। फोटो: हरिभूमि

## दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में साधकों ने किया योग

- योग से पाएं मानसिक शांति एवं बच्चों का सर्वांगीण विकास: जावला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

मिनी बाइपास स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा संचालित निःशुल्क योग कक्षा नियमित रूप से प्रतिदिन प्रातः पांच बजे से आयोजित की जाती है, जो समाज को स्वास्थ्य, अनुशासन और संतुलित जीवन की ओर प्रेरित कर रही है। योग कक्षा का संचालन मंदिर की प्रबंधक उर्मिला सैनी की देखरेख में योगाचार्य बिजेश जावला के कुशल निर्देशन व योग प्रशिक्षक सूरज बागड़ी द्वारा करवाया जा रहा है। मंदिर प्रबंधक उर्मिला सैनी ने बताया कि योग कक्षा का उद्देश्य सिर्फ स्वास्थ्य लाभ नहीं बल्कि लोगों को भारतीय संस्कृति और जीवनशैली के मूल्यों से जोड़ना भी है। उन्होंने बताया कि हर दिन अधिक से अधिक साधक इस योग कक्षा से जुड़ रहे हैं, जिससे ये अभियान जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। प्रशिक्षक सूरज बागड़ी ने साधकों को नियमित योग अभ्यास के साथ-साथ जंक फूड से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना है, तो हमें तैलीय, डिब्बाबंद और बाजारू खाद्य पदार्थों से दूर रहकर सात्विक भोजन और नियमित योग को जीवन में अपनाना होगा। योगाचार्य बिजेश ने बताया कि योग करने से मन शांत होता है, एकाग्रता बढ़ती है, और बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। बच्चों और युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को विकसित करने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। कक्षा में सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन जैसे अन्य योगासन करवाए जा रहे हैं, जिनसे शरीर और मस्तिष्क दोनों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।



भिवानी। योग कक्षा में साधकों को योगाभ्यास करवाते आचार्य बिजेश जावला।

### 5 हजार से अधिक आबादी वाले गांवों को सोलर पैनल उपकरण लगवाने पर मिलेंगे 1 करोड़

**चरखी दादरी।** ग्राम पंचायतों को आदर्श सौर गांव बनाने की दिशा में प्रोत्साहन के लिए सरकार ने महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है, जिसके तहत सबसे अधिक सोलर पैनल लगवाने वाले गांव को एक करोड़ रूपये की विशेष अनुदान राशि दी जाएगी। योजना में जिला के 16 ऐसे गांवों को शामिल किया गया है, जिनकी आबादी 2011 की जनगणना अनुसार 5 हजार से ज्यादा है। योजना के तहत जिला में बाढडा, बेरला, सांवड, बौन्द कलां, रानीला, सांजरवास, झींझर, अचीना, चरखी, छपार, इमलोटा, रावलधी, समसपुर, चिड़िया, झोझू कलां और कादमा शामिल गांव किए गए हैं। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना चलाई जा रही है। योजना का एक घटक माडल सौर गांव है, जिसका उद्देश्य देश के प्रत्येक जिला में एक आदर्श सौर गांव बनाना है।

### गर्ल्स हॉस्टल को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर

**भिवानी।** कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी के दिशा निर्देशन में एवं कुलसचिव डॉ भावना शर्मा के सहयोग से चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय एवं आदर्श महिला महाविद्यालय के मध्य आज गर्ल्स हॉस्टल को लेकर आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉक्टर भावना शर्मा के अतिरिक्त डीन एकेडमिक अफेयर, प्रो. दिनेश कुमार मदान, डीन कॉलेजेस प्रो. सुरेन्द्र कौशिक, डीन एफसीएम प्रो. सुनीता भरतवाल, इंचार्ज मनोविज्ञान विभाग डॉ कल्पना शर्मा उपस्थित रहे। आदर्श महिला महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ अल्का मित्तल, डॉ नीरू चावला उपस्थित रही।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

## स्वीमिंग गोल्ड जीतने पर नायसा का स्वागत

- बीपीएस की नायसा ने स्वीमिंग चैंपियनशिप में जीते गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी पब्लिक स्कूल की छात्रा नायसा राव ने सिरसा में आयोजित 7वीं जिला तैराकी चैंपियनशिप में पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। चौथी कक्षा में पढ़ने वाली नायसा की उपलब्धि से विद्यालय में खुशी की लहर है। छात्रा नायसा ने प्रतियोगिता के लिए ढाई महीने पूर्व ही तैयारियां आरंभ की थी। इस दौरान नायसा ने पांच टूर्नामेंट में हिस्सा लिया, जो अंडर-10 श्रेणी में आयोजित किए गए थे। टूर्नामेंट में उसने चार में स्वर्ण पदक और एक में कांस्य पदक जीता और राज्यस्तर पर क्वालीफाई किया। नायसा की जीत से विद्यालय के साथ-साथ उनके परिवार व दोस्तों में भी उत्साह है।



भिवानी। निर्देशिका के साथ पदक विजेता नायसा राव। फोटो: हरिभूमि

## 5 लाख की लागत से बिछाई जाएंगी इंटरलोक

- चेयरमैन बोले विकास कार्य के लिए धन की नहीं आएगी कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा में वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विभाग द्वारा पांच लाख की लागत से इंटरलोक बिछाकर विद्यालय के सौंदर्यकरण में चार चांद लगाने का कार्य किया जाएगा। इसी को लेकर नपा चेयरमैन सुंदर अत्री ने विद्यालय का निरीक्षण किया और विद्यालय प्राचार्या संतोष भाकर ने बताया कि विद्यालय के मुख्य द्वारा के साथ लगती खाली जगह पर इंटरलोक बिछवाने की योजना है वहीं उन्होंने चेयरमैन को बताया कि पहले इसका दस लाख का एस्टीमेट बनवाकर भेजा गया था लेकिन पांच लाख की पास किया गया है। वहीं चेयरमैन सुंदर अत्री ने बताया कि शिक्षा मंत्री बहुत ही नेकदिल और विकास कार्य करवाने वाले इंसान है। जल्द ही उनसे और राशि स्वीकृत करवाई जाएगी और विद्यालय के सौंदर्यकरण में चार चांद लगाने कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर उपप्राचार्य सत्यवान, पार्षद प्रतिनिधि सुरेश कुमार, विरेन्द्र राहड़, रमेश कुमार सहित अनेक मौजूद रहे।



बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा में वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निरीक्षण करते हुए चेयरमैन सुंदर अत्री। फोटो: हरिभूमि

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### एसएमसी की यूनिट बनाने के बहाने सरकारी स्कूलों के मर्जर की रची जा रही है व्यूह रचना

# तुगलकी फरमान के खिलाफ बीईओ को सौंपा ज्ञापन

- शिक्षा के ढांचे को केंद्र व राज्य सरकार सिकोड़ रही: अंजू देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

सरकार एवं विभाग की वायदा खिलाफी और तुगलकी फरमानों के खिलाफ हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के शिष्टमंडल ने सोमवार को भिवानी के खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। वरिष्ठ उप प्रधान अंजू देवी, खंड प्रधान संजय गौरीपुर, जिला कोषाध्यक्ष अनूप सिवाच, खंड उप प्रधान सुमन रानी, अनिता कुमारी, लाजपत जाखड़, राज्यसचिव महेंद्र सिंह, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा भिवानी के प्रधान सूरजभान जटासरा और खंड के प्रधान सुशील आलमपुर व कोषाध्यक्ष सुरेंद्र दिनोद आदि शामिल रहे।



भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

### यह लागया आरोप

उन्होंने बताया कि एसएमसी की एक यूनिट बनाने के बहाने लगभग 5 हजार सरकारी स्कूलों के मर्जर की व्यूह रचना रची जा रही है। खंड भिवानी के प्रधान संजय गौरीपुर ने बताया कि कि रूल 2012 के अनुसार सरकार 50 प्रतिशत अंकों की आड़ में अध्यापकों को एसीपी पर रोक लगा रखी, जबकि 2012 के नियमों में ही 45 प्रतिशत और आरक्षित वर्ग के लिए उससे कम प्रतिशत के लिए भी प्रावधान है।

### एसएमसी गठन के आदेशों को रद्द करे विद्यालय शिक्षा विभाग: राजेश



**भिवानी।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज के माध्यम से हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को मांग पत्र सौंपते हुए हरियाणा प्राईमरी टीचर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेश कालुवासिया ने मांग करते हुए कहा कि विभाग द्वारा 9 जुलाई को पुनः पत्र जारी करके मई में बनाई गई एसएससी को रद्द करके नई कमेटी के गठन के आदेश जारी किए है। हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी किए गए पत्र का कड़ा विरोध करता है। उन्होंने बताया कि राइट टू एजुकेशन अधिनियम 2009 की धारा 21 के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक दो वर्ष बाद प्रत्येक स्कूल में अलग स्कूल मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया जाता है।